an>

Title: Need to expedite the cleaning of river Gandak in Bihar.

श्री जनक राम (गोपालगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, हम आपका ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज की ओर आकृष्ट कराना चाहते हैं। सबसे पहले हम भारत सरकार के प्रधान मंत्री और जल संसाधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहते हैं कि अक्टूबर माह में 71 करोड़ रूपये बिहार सरकार को गंडक की सफाई के लिए और पिचिंग बांध के लिए रिलीज़ हो चुका है, लेकिन बिहार सरकार के कानों पर अब तक आवाज़ नहीं जा रही है। इसकी वजह से गोपालगंज जिले के गंडकधियरा संघषÂ◌ान समिति के तत्वाधान में हजारों सामान्य लोग एवं जलसत्याग्रही आए दिन संघÂर्ष करते हैं, लेकिन बिहार सरकार ने आज तक उसका संज्ञान नहीं लिया है। मैं सदन के माध्यम से बिहार सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि जल्द से जल्द कार्यवाही कर के जल सत्याग्रहियों की मांग को स्वीकृत किया जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Bhairon Prasad Mishra is permitted to associate with the issue raised by Shri Janak Ram.